महत्वपूर्ण एवं खास

साहित्यकार,रंगकर्मी चंद्रशेखर व्यास नहीं रहे

रायपुर (आरएनएस)। प्रसिद्ध रंगकर्मी, साहित्यकार, नाटककार, कैमरा गुरु और एलआईसी के सेवानिवृत्त कर्मचारी चंद्रशेखर व्यास का आज रामकृष्ण केयर अस्पताल में शाम 5 बजे निधन हो गया। वे पिछले 6 अक्टूबर से अस्पताल में भर्ती थे। वे मति स्वाति व्यास थोराट और ऋत्रा दुबे के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा कल उनके निवास एलआईसी कालोनी मोवा बी-6 से निकलेगी।

अश्लील सीडी निर्माताओं ने जारी की फूहड़ कॉमेडी वाली सीडी : शिवरतन शर्मा

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी विधायक एवं प्रवक्ता शिवरतन शर्मा ने कांग्रेस द्वारा बहु प्रचारित सीडी जिसे उनके प्रवक्ता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने एक पत्रकार वार्ता के माध्यम से जारी किया पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इसे जारी करने के पूर्व बड़े जोर शोर से यह प्रचारित किया गया था कि यह सीडी धमाकेदार होगी, परंतु वही खोदा पहाड़ और निकली चुहिया वाली बात साबित हुई। छत्तीसगढ़ की सुसंस्कृत जनता पुनः आशंकित थी कि कांग्रेस के स्थापित रिकार्ड जो अश्लील सीडी बनाने और बांटने का हो चला है, पुनः कुछ ऐसा ही गंदा खेल होगा और राज्य के वातावरण को दूषित किया जाएगा। कांग्रेस द्वारा पूर्व में किये गये ऐसे घृणित कार्यों को जनता द्वारा कोई प्रोत्साहन न मिलने एवं इसको नकार दिये जाने के कारण इस बार कांग्रेस रमन सरकार द्वारा किये गये विकास के कार्यों को नकारने का कुत्सित प्रयास इस सीडी के माध्यम से कर रही है।

मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित, राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन ने विधानसभा निर्वाचन 2018 के दौरान मतदान दिवस सोमवार 12 नवम्बर और मंगलवार 20 नवम्बर को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत स्थित कार्यालयों में निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 के प्रावधानों के तहत मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। अधिसूचना के अनुसार मतदान दिवस को संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत स्थित कार्यालयों में मतदान के लिए सामान्य अवकाश का दिन भी होगा। इस आशय की अधिसूचना सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आज यहां मंत्रालय (महानदी भवन) से जारी कर दी गई है। विधानसभा निर्वाचन 2018 के कार्यक्रम के अनुसार 12 नवम्बर को प्रदेश के 18 विधानसभा क्षेत्रों में और 20 नवम्बर को 72 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा।

मतदान के लिए आए 194 वीवी पैट निकले खराब, वापस भेजे गए

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर जिले में मतदान कराने आए ईवीएम, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट में से 194 वीवीपैट खराब मिले हैं। इन्हें चुनाव आयोग को वापस भेज दिया है। अब तक उनके बदले दूसरी मशीनें नहीं आई हैं। वीवीपैट के खराब निकलने का पता तब चला जब प्राथमिक चरण की जांच की गई। इन वीवीपैट मशीनों में किसी में पेपर रोल के फंसने, किसी में रोलर के जंग खाने, किसी के कटर में खराबी सहित अन्य समस्या आने लगी थी। बस्तर जिले के तीन और आंशिक रूप से एक विधानसभा क्षेत्र के लिए पहुंचे 1081 ईवीएम, 905 कंट्रोल यूनिट और 933 वीवीपैट भेजे गए थे।

पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, लाखों का गुटखा बरामद

बालोद (आरएनएस)। जेके अर्जुदा थाना अंतर्गत बाबत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है यहां पर तंबाकू युक्त आवाज प्रतिबंधित जर्दा गुटखा जप्त किया गया है जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक आई के एलिसेला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला ठाकुर डीएसपी दिनेश सिन्हा अर्जुंदा थाना प्रभारी सुश्री पद्मा जगत का विशेष योगदान है पकड़े गए प्रतिबंधित गुटखा की कीमत 2 लाख 76 हजार रुपये बताया जा रहा है एवं यह गुटखा अर्जुन्दा नगर के ही एक दुकान से जब्त की गई।

एनआईटी के छात्रों ने दूसरे दिन भी नहीं दी परीक्षा

श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) उत्तराखंड श्रीनगर के बीटेक, एमटेक व पीएचडी के छात्रों ने दूसरे दिन भी परीक्षा नहीं दी। एनआईटी प्रशासन की ओर से छात्रों को मनाने के लिए कई प्रयास किए गए लेकिन छात्र मानने को तैयार नही हैं। छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती है उनका आंदोलन जारी रहेगा। चाहे इसके बदले उन्हें कोई भी कीमत चुकानी पड़ी।

सुकमा और मलकानगिरी में एक महिला सहित दो नक्सली ढेर

पखांजुर में नक्सलियों ने कि ग्रामीण की हत्या

रायपुर/जगदलपुर (आरएनएस)। राज्य के बस्तर में नक्सल आपरेशंस में पुलिस को आज एक बड़ी कामयाबी मिली है। मुठभेड़ में पुलिस ने एक हार्डकोर नक्सली को मार गिराया है। ये नक्सली मिलिशिया का डिप्टी कमांडर बताया जा रहा है, जिसकी पहचान कवासी देवा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक आपरेशंस पर निकले जवानों के सर्चिंग से लौटने के दौरान तुलसी डोंगरी के करीब के नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गयी। इस मुठभेड़ में जवानों ने नक्सलियों की मिलिशिया के डिप्टी कमांडर कवासी देवा को ढेर कर दिया।

डिप्टी कमांडर का शव भी बरामद कर लिया गया है। कल शाम चांदमेटा में हुई इस मुठभेड़ में जवानों को कुछ गोला बारूद भी मिले हैं। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग में जवानों को आईडी बनाने का समान और तोंगपाल का मैप भी मिला है।

वहीं उड़ीसा छत्तीसगढ़ सीमा पर भी एक मुठभेड़ हुआ है, इस मुठभेड़ में एक महिला नक्सली के मारे जाने की खबर है, नक्सली का नाम मीना है, जो छत्तीसगढ़ और उड़ीसा सीमा पर काफी सक्रिय रही थी। मुठभेड़ की पुष्टि तो हो रही है, लेकिन मुठभेड़ में महिला नक्सली के मारे जाने को लेकर लेकर अभी तक कोई पुलिस अधिकारी पुष्टि नहीं कर रहा है।

इधर पखांजूर में नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। नक्सलियों ने ग्रामीण पर मुखबिर होने का शक जताते हुए इस वारदात को अंजाम दिया है।

कांग्रेसियों ने बीजापुर में जूतों से भरा कंटेनर पकड़ा

जगदलपुर (आरएनएस)। बीजापुर में निर्वाचन आयोग की टीम ने जूतों से भरा संदिग्ध कंटेनर को पकड़ा है। ऐसी आंशका जताई जा रही है कि चुनाव से पहले बड़ी संख्या में मतदाताओं को बांटने के लिए जूते मंगाए गए थे, लेकिन ऐन मौके पर इसकी जानकारी कांग्रेसियों को लग गई और उन्होंने निर्वाचन आयोग में इसकी शिकायत कर तत्काल ट्रक को जब्त करवाया। कांग्रेसियों का आरोप है कि भाजपा ने सरकारी जूते आचार संहिता लागू होने के बाद भी मंगवाए और इसे गुपचुप तरीके से मतदाताओं के बीच बांटने की तैयारी थी।

कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा आचार संहिता लागू होने के बाद सरकारी पैसों का दुरूपयोग कर रही है। मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। डिप्टी कलेक्टर और प्रभारी तहसीलदार सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि कांग्रेसियों की शिकायत के बाद कंटेनर को जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी आंशका है कि ये जूते गांव-गांव में बांटने के लिए मंगाए गए थे। कंटेनर को जब्त कर सारे दस्तावेज डिप्टी कलेक्टर और उड़नदस्ता प्रभारी उमेश पटेल को सौंप दिए गए हैं।

बिना लाइसेंस आतिशबाजी की बिक्री पर रोक

भोपाल (आरएनएस)। दीपावली के त्यौहार पर अस्थाई फुटकर आतिशबाजी के लायसेंस नवीनीकरण हेतु निर्धारित प्रपत्र में 300/- रूपये की फीस का चालान मूल लायसेंस एवं आवेदन पत्र के साथ दिनांक 15 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय में सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी टी.टी. नगर/ हबीबगंज संभाग, शेड क्रमांक 07 जवाहर चौक भोपाल के कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे।

डॉ. महंत को हराने वाले को सबक सिखाने के मूड में हैं कोरबा के मतदाता

कोरबा (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव 2014 में कोरबा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. चरणदास महंत को किसने हराया था? यह सवाल कोरबा विधानसभा क्षेत्र में पूछा जा रहा है। एक विशेष मतदाता समूह इस बार विधानसभा चुनाव में उन नेता को सबक सिखाने के मूड में है, जिसके कारण डॉ. चरणदास महंत को हार का मुंह देखना पड़ा था।

छत्तीसगढ़ के कद्दावर कांग्रेस नेता डॉ. चरणदास महंत अपने सौम्य और शालीन आचार-विचार के लिये जाने जाते हैं। अपनी सहजता के चलते वे छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया नारे का पर्याय माने जाते हैं।

छत्तीसगढ़ की सभ्यता और संस्कृति को अपने भीतर समेटे डॉ.चरणदास महंत छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के चहेते हैं। गत लोकसभा चुनाव में डॉ. महंत कोरबा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी थे। क्षेत्र में कुल आठ विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इनमें से सात विधानसभा क्षेत्रों के संयुक्त परिणाम में डॉ चरणदास महंत के सिर पर विजय का सेहरा बंध रहा था। लेकिन कोरबा विधानसभा क्षेत्र ने कांग्रेस और डॉ. महंत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कोरबा विधानसभा क्षेत्र से उन्हें तगड़ा झटका लगा।

भाजपा प्रत्याशी डॉ. बंशीलाल महतो ने कोरबा से लगभग बीस हजार वोट की बढ़त ली। जबकि कांग्रेस को सबसे अधिक बढ़त कोरबा विधानसभा क्षेत्र से मिलने की उम्मीद थी।

जब काजोल ने आलिया भट्ट को बुलाया आलिया कपूर!

पिछले काफी समय से ऐसी चर्चाएं चल रही हैं कि बॉलिवुड स्टार आलिया भट्ट और रणबीर कपूर रिलेशनशिप में हैं। कई मौकों पर इन दोनों सिलेब्रिटीज को साथ भी देखा गया है। हाल में इनकी रिलेशनशिप पर काजोल भी मोहर लगाती नजर आईं। दरअसल काजोल ने गलती से आलिया का नाम आलिया भट्ट की जगह आलिया कपूर लिया।



हाल में काजोल अपनी अगली फिल्म हेलिकॉप्टर ईला के प्रमोशन के लिए नेहा धूपिया के शो में पहुंचीं। वहां वह शो पर आलिया के बारे में बात कर रही थीं। तभी शो में गलती से काजोल ने आलिया भट्ट का नाम गलती से आलिया कपूर लिया। हालांकि काजोल को तुरंत अपनी गलती का अहसास हो गया और उन्होंने उसे तुरंत ठीक किया लेकिन तब तक काजोल का कहा हुआ फैन्स के बीच वायरल हो चुका था।

जाहिर सी बात है कि जो भी ऐसी बात सुनेगा, वह यही सोचेगा कि जल्द ही आलिया और रणबीर की शादी हो सकती है। इस बीच बता दें कि आलिया और रणबीर कपूर की अगली फिल्म ब्रह्मास्त्र की रिलीज डेट भी आगे खिसक गई है।

संजू दिल के बेहद करीब है : दीया मिर्जा

अभिनेत्री दीया मिर्जा का कहना है कि फिल्म संजू उनके दिल के बेहद करीब है। फिल्म में उन्होंने अभिनेता संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त की भूमिका निभाई थी। फिल्म में संजय दत्त का किरदार रणबीर कपूर ने निभाया था।

संजू संजय दत्त के जीवन पर आधारित है। दीया और संजय लगे रहो मुन्नाभाई , परिणीता और दस जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। दोनों अच्छे दोस्त भी हैं। दीया ने अपने बयान में कहा, संजू एक ऐसी फिल्म है जो मेरे दिल के बेहद करीब है। संजू और मैं दोस्त रहे हैं लेकिन उनकी जिंदगी से जुड़ी ऐसी कई बातें हैं, जिनके बारे में मुझे फिल्म की शूटिंग के दौरान पता चला।

फिल्म 14 अक्टूबर को स्टार प्लस चैनल पर दिखाई जाएगी। अभिनेत्री ने कहा कि वह फिल्म के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर को लेकर उत्साहित हैं।

खाली पेट आंवला जूस घटाता है वजन, जानें इसके सैकड़ों फायदे

कड़वा ही सेहत के लिए अच्छा है. ये एक कहावत है. आयुर्वेद के अनुसार सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में दो चम्मच आंवला जूस सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है. कच्चा आंवला भी एक विकल्प है, जो जूस नहीं पी सकते वे इसे उबालकर ले सकते हैं. अगर सुबह खाली पेट इन दोनों में से एक चीज करते हैं संसार में आपसे सुखी कोई नहीं. कहते हैं आंवला बालों को मजबूत, त्वचा में चमक और पेट में पनप रहे गंदे बैक्टीरिया और वायरस को खत्म करने में मदद करता है. एक आंवले में दो संतरे के बराबर विटामिन-सी होता है. ये कब्ज, अपच, एसिडिटी, सीने और पेट में जलन की समस्या को खत्म करता है.

आंवला में होता है क्या-क्या?

जैसा की पहले भी बताया गया है कि गोली जितने आंवला में विटामिन-सी होता है. इसमें जिंक, आयरन, कैरोटीन, फाइबर, विटामिन-बी कॉम्प्लेक्स, कैल्शियम और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं. इसके रोज सेवन से कई बीमारियों से लड़ा जा सकता है.

100 ग्राम आंवला में होता है क्या-क्या?

कैलोरी- 44
कार्बोहाइड्रेट- 10 ग्राम
प्रोटीन- 0.88 ग्राम
फैट- 0.58 ग्राम
फाइबर- 4.3 ग्राम
विटामिन-सी- 27.7 मिलीग्राम
सोडियम- 1 मिलीग्राम
पोटैशियम- 198 मिलीग्राम
कैल्शियम- 25 मिलीग्राम
आयरन- 0.31 मिलीग्राम

खाली पेट आंवला जूस पीने या उबला आंवला खाने के फायदे

सुबह खाली पेट आंवला जूस केवल 10 मिलीग्राम ही लें. बढ़ाकर 20 मिलीग्राम कर सकते हैं. इससे ज्यादा आंवला जूस का सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है. अलग-अलग समय पर इसे दो बार में भी ले सकते हैं.

आंवला में प्रोटीन होता है. इसके सेवन से शरीर में प्रोटीन का स्तर अधिक होता है.

नाइट्रोजन की मात्रा संतुलित रहती है.

ये चर्बी गलाने में मदद करता है. यानी, वजन कम करने में मददगार है. सुबह खाली पेट गुनगुने पानी के साथ आंवला जूस लेने से वजन घटाया जा सकता है.

वैज्ञानिकों ने गन्ने के विशाल एवं जटिल वंशाणु समूह के क्रम का लगाया पता

वाशिंगटन। वैज्ञानिकों ने गन्ने के विशाल एवं जटिल वंशाणु समूह के क्रम का पता लगा लिया है जो अधिक उत्पादक एवं मजूबत फसल की उपज में मददगार साबित हो सकता है। अमेरिका के इलिनॉइस विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं का कहना है कि गन्ना सदियों से मनुष्यों को शराब, जैव ईंधन, बुनाई एवं निर्माण सामग्रियां उपलब्ध कराने के साथ ही चीनी का ऐसा स्रोत बना हुआ है जिस पर विश्व सबसे अधिक निर्भर है। यह समग्र अनुक्रम तैयार करने के लिए 16 संस्थानों के करीब 100 वैज्ञानिकों ने संगठित प्रयास किया। अधिकतर किसानों द्वारा उगाया जाने वाला गन्ना दो प्रकारों- सैकेहेरम ऑफिसिनेरम और सैकहेरम स्पॉन्टेनियम का मिश्रण है।

सैकेहेरम ऑफिसिनेरम चीनी की अधिक मात्रा वाला बड़े आकार का पौधा है जबकि सैकेहेरम स्पॉन्टेनियम का छोटा आकार और कम मिठास बढ़ी हुई बीमारी प्रतिरोधक क्षमता एवं पर्यावरणीय तनाव सहने की शक्ति से संतुलित होता है । अनुसंधानकर्ताओं का कहना है कि संपूर्ण जीनोम अनुक्रम नहीं मालूम होने की स्थिति में भले ही किसानों ने पीढ़ियों तक ज्यादा पैदावार वाली मजबूत फसल उगाई होगी लेकिन यह एक कठिन प्रक्रिया है जो समय एवं भाग्य पर निर्भर करती है। इलिनॉइस विश्वविद्यालय के प्राध्यापक रे मिग ने कहा, गन्ना पांचवी सबसे बहुमूल्य फसल है और संदर्भ के लिए जीनोम के नहीं होने से गन्ने की गुणवत्ता में सुधार के लिए जीनोमिक अनुसंधान एवं आणविक प्रजनन अवरोधित था।

गन्ने के वंशाणु समूह के अनुक्रम संबंधी संपूर्ण विवरण नेचर जेनेटिक्स पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं।